मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-353
20/07/2021

# मुख्यमंत्री ने ईद–उल–अजहा (बकरीद) की बधाई एवं शुभकामनायें दी

**पटना, 20 जुलाई 2021 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने ईद–उल–अजहा (बकरीद) के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं है। उन्होंने कहा कि ईद–उल–अजहा का त्योहार असीम आस्था का त्योहार है। खुदा के हुक्म पर बड़ी से बड़ी कुर्बानी के लिये तैयार रहना इस त्योहार का आदर्श है।

मुख्यमंत्री ने इस त्योहार को आपसी भाईचारा एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने से आनंद और बढ़ जाता है।

वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये प्रत्येक व्यक्ति का सचेत रहना नितान्त आवश्यक है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव का सबसे अच्छा उपाय सोशल डिस्टेंसिंग है। आप सब लोग घर के अंदर ही इबादत करें, आपके सहयोग से ही इस महामारी से निपटने में सफलता मिलेगी।

******